Need to establish an Agriculture University in Seoni, Madhya Pradesh-Laid

श्रीमती भारती पारधी (बालाघाट) : मैं माननीय मंत्री जी से अनुरोध करती हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र बालाघाट (मध्य प्रदेश) अंतर्गत सिवनी में कृषि महाविद्यालय की स्थापना की प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाए । सिवनी का अधिकांश भाग कृषि पर निर्भर है, और यहां के किसान, विशेष रूप से महिलाएं, कृषि कार्य में सक्रिय रूप से भाग लेती हैं । हालांकि, इस क्षेत्र में कृषि शिक्षा और प्रशिक्षण की भारी कमी है, जो किसानों की क्षमता को पूरी तरह से विकसित करने में एक बाधा है । आज के आधुनिक समय में कृषि से जुड़ी नई तकनीकों, उन्नत पद्धतियों और वैज्ञानिक जानकारी का होना आवश्यक है । यदि हम अपने किसानों, विशेषकर महिलाओं को सही मार्गदर्शन और शिक्षा प्रदान करें, तो न केवल उनकी उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी, बल्कि वे आर्थिक दृष्टि से भी सशक्त होंगे । कृषि महाविद्यालय की स्थापना से क्षेत्र के युवाओं को उच्च स्तरीय शिक्षा का अवसर मिलेगा, और महिला किसानों को सशक्त बनाने में भी मदद मिलेगी । यह कदम न केवल हमारे क्षेत्र की आर्थिक स्थिति को मजबूत करेगा, बल्कि कृषि क्षेत्र में समृद्धि भी लाएगा । मैं सरकार से निवेदन करती हूं कि सिवनी में कृषि महाविद्यालय की स्थापना की प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाए ।